**वेबसाइट:** www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** गांधीनगर तारीख/**Date**: 19.04.2023

**प्रेसविज्ञप्ति /Press Release**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा गिफ़्ट सिटी, गांधीनगर में अपने परिचालनों का विस्तार, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंकिंग इकाई की स्थापना की**

**गांधीनगर, गिफ़्ट सिटी, 19 अप्रैल, 2023:** गिफ़्ट सिटी में अपने परिचालनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक और भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने बैंक की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र बैंकिंग इकाई (IFSCBU) गिफ्ट आईएफ़एससी, गांधीनगर में ब्रिगेड इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर में स्थित अपने नए अत्याधुनिक परिसर का उद्घाटन किया है। बैंक गिफ्ट आईएफ़एससी में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेजरी परिचालन, केंद्रीकृत ट्रेड फाइनेंस हब और कैपिटल मार्केट्स बिजनेस की स्थापना करेगा तथा अपनी विदेशी मुद्रा कारोबार एवं डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाएगा।

इस अवसर पर बैंक की आईएफ़एससी बैंकिंग इकाई ने भी अपने मौजूदा डॉलर मूल्यवर्ग के मीडियम टर्म नोट्स (MTN) को BSE के इंडिया INX तथा NSE IFSC एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध किया है। ये दोनों इंटरनेशनल एक्सचेंज हैं जो गिफ्ट आईएफ़एससी में अपने कारोबार का परिचालन करते हैं।

इस नई सुविधा के उद्घाटन और इन दोनों एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध किए जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के अध्यक्ष श्री इंजेती श्रीनिवास; गिफ़्ट सिटी के कार्यपालक निदेशक एवं ग्रुप सीईओ श्री तपन रे; बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री संजीव चड्ढा तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री ललित त्यागी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस समारोह में इंडिया INX और NSE IFSC के गणमान्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

नए परिसर के उद्घाटन पर **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री संजीव चड्ढा** ने कहा, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा GIFT IFSC में कार्य शुरू करने वाले शुरुआती संगठनों में से एक है, हमने 24 नवंबर, 2017 को अपनी ऑफशोर IFSC बैंकिंग यूनिट के शुभारंभ के साथ अपने इस सफर की शुरुआत की थी जिसका वर्तमान में बैंक के कुल अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में महत्वपूर्ण योगदान है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने वैश्विक व्यापार को बृहद रूप से बढ़ाने और गिफ़्ट सिटी में अपनी टीम को सुदृढ़ बनाने का लक्ष्य रखा है, ताकि बैंक भारत के अपने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) को प्रोत्साहित एवं विकसित कर सके तथा इसका

भरपूर लाभ ले सके। हमने इसी उद्देश्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर तैयार की गई अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाओं वाली अपनी नई और बड़ी बैंकिंग इकाई की स्थापना की है।"

श्री चड्ढा ने आगे कहा, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इस बात की भी खुशी है कि बैंक की मौजूदा विदेशी मुद्रा मीडियम टर्म नोट्स को इंडिया INX तथा NSE IFSC एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध किया गया है। लिस्टिंग फ्रेमवर्क और GIFT IFSC में पेश की जा रही सहज प्रक्रिया किसी भी अन्य वैश्विक वित्तीय केंद्र के समान है। हम कामना करते हैं कि GIFT IFSC में इन दोनों अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंजों के साथ हमारा यह जुड़ाव लंबे समय तक कायम रहेगा।"

इस अवसर पर IFSCA के अध्यक्ष श्री इंजेती श्रीनिवास तथा गिफ़्ट सिटी के एमडी एवं ग्रुप सीईओ श्री तपन रे ने गिफ़्ट सिटी और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और इस नए परिसर के उद्घाटन के लिए बैंक को बधाई दी।

अमेरिका, यूके और यूएई के बाद, अब आईएफएससी बैंकिंग इकाई बैंक के अंतर्राष्ट्रीय कारोबार के परिचालन की चौथी सबसे बड़ी विदेशी शाखा बन गई है। यह शाखा रिटेल एवं कॉर्पोरेट ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर वैश्विक बैंकिंग सुविधाओं की व्यापक शृंखला उपलब्ध कराती है जिनमें विदेशी मुद्रा चालू, बचत और सावधि जमा खाते, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग लोन, ट्रेड फाइनेंस सुविधाएं, विदेशी मुद्रा में लोन/ सिंडिकेशन लोन तथा लेन-देन आधारित इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाएं शामिल हैं। बैंक एनआरई/ एफसीएनआर जमाओं के एवज में ऋण तथा IFSC बैंकिंग यूनिट में स्थित जमाओं के एवज में भी ऋण की पेशकश करता है।

आईएफ़एससी प्रस्तावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए ग्राहक बैंक ऑफ़ बड़ौदा के https://ifsc.bankofbaroda.in/ को देखें।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**

Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Ravi Namah | +91 8733986725 |ravi.namha@dentsu.com